लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

दिनाँक : 25 सितम्बर, 2021

प्रेस–विज्ञप्ति

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा विगत अगस्त माह में आयोजित की गयी उ॰प्र॰ संयुक्त प्रवेश–परीक्षा बी॰एड॰–2021–23 की काउन्सिलिंग के प्रथम चरण (स्टेट रैंक 01 से 75,000 तक) के सीट आबंटन का परिणाम आज घोषित किया गया। इस चरण में 36294 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग में पंजीकरण किया और कुल 35727 अभ्यर्थियों ने अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के विकल्प लॉक किये जबकि 567 ऐसे अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने केवल पंजीकरण किया किन्तु कोई भी विकल्प लॉक नहीं किये। काउन्सिलिंग के प्रथम चरण में कुल 30031 अभ्यर्थियों को उनके द्वारा विकल्पित बी॰एड॰ महाविद्यालयों में सीट आबंटित हुई। इसमें सामान्य श्रेणी की 25632, अन्य पिछडा वर्ग की 1841, अनुसूचितजाति की 1165, अनुसूचित जनजाति की 30, अन्य राज्यों के 728 व आर्थिक रुप से पिछड़ा वर्ग (EWS) के 635 अभ्यर्थियों को विभिन्न विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में बी॰एड॰ पाठ्यक्रम में सीटें आबंटित हुईं ।

काउन्सिलिंग के द्वितीय चरण हेतु (स्टेट रैंक 75,001 से 2,00,000 तक) ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया भी आज से प्रारम्भ हो गयी है।

प्रो॰ अमिता बाजपेयी, राज्य–समन्वयक, संयुक्त प्रवेश–परीक्षा बी॰एड॰–2021–23 ने अभ्यर्थियों को परामर्श दिया है कि वे ''च्वाइस–फिलिंग'' प्रक्रिया में महाविद्यालय चयन के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध महाविद्यालयों की सूची से अपनी पसंद के महाविद्यालयों के कोड नोट कर लें तथा उन्हें अपनी रूचि के क्रम में अधिकाधिक संख्या में भरें जिससे वे अपनी पसंद के बी॰एड॰ महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकें।

(प्रो॰ अमिता बाजपेयी)
राज्य समन्वयक
सयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2021